तभी जाते हैं, जब कि उनके कार्यों के सम्पादन में यह आवश्यक हो ।

दिल्ली में महिलाओं के साथ छेड़ छाड़ की घटनाएं

3017. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री यशपाल सिंह :
श्री शिकरे :
श्री राम सेवक यादव :
श्री बागड़ी :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1965 में दिल्ली और नई दिल्ली में युवतियों के साथ बलात्कार और छेड़छाड़ की कितनी घटनायें घटीं ;

(ख) पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ऐसी घटनाओं की संख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई ; और

(ग) इसे रोकने के लिये क्या कार्यवाही की गई ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) 1965 में दिल्ली पुलिस के पास बलात्कार के 23 मामले और छेड़छाड़ की 198 घटनाएं दर्ज हुई ।

(ख) बलात्कार के मामलों में 21% वृद्धि हुई जब कि छेड़छाड़ में 12% कमी ।

(ग) राजधानी में छेड़छाड़ की घटनाओं पर नियंत्रण रखने के लिये बस स्टापों और भीड़ भाड़ वाले बाजारों में गश्त बढ़ा कर और कालिजों, स्कूलों, लड़कियों के छात्रावासों सिनेमाघरों, थियेटरों, मन्दिरों, बस स्टापों और कुछ भीड़ भाड़ वाले स्थानों तथा मनोरंजन स्थानों पर सादावर्दी पुलिस बल नियुक्त करने के रूप में उपाय किये गए हैं । छेड़छाड़ को कम करने तथा गुन्डों तथा समाजविरोधी तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण रखने के लिये उठाये गए कदम, बलात्कार की घटनाओं को नियंत्रित रखने में सहायता करते हैं ।

विदेशी धर्म प्रचारकों की गतिविधियां

3018. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री यशपाल सिंह :
श्री शिकरे :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान सेवा के नाम पर विदेशी धर्म प्रचारकों द्वारा भूखे और नंगे आदिवासियों का धर्म परिवर्तन किये जाने के बारे में दैनिक हिन्दी "हिन्दुस्तान" के दिनांक 22 दिसम्बर, 1965 के पृष्ठ 3, स्तम्भ 1 पर छपे समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या इस बारे में कोई जांच की गई है ;

(ग) उस का ब्योरा क्या है ; और

(घ) सम्बन्धित धर्म प्रचारकों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा सम्भरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां ।

(ख) प्राप्त सूचना के आधार पर कोई जांच आवश्यक नहीं समझी गई ।

(ग) तथा (घ). प्रश्न ही नहीं उठता ।

**Report of U.S. Experts on Graft**

**3019. Shri Koila Venkaiah:**
**Shri M. N. Swamy:**

Will the Minister of **Home Affairs** be pleased to state:

(a) whether the reports of the U.S. experts who were invited and toured the country in the last two months of 1964 to find out the effective methods to deal with graft in services and public life have been received by Government:

(b) if so, the main recommendations of the reports; and